## खबर संक्षेप

### जिला बदर का आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** आगामी लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले के आदतन अपराधियों एवं गुंडा बदमाशों पर प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभा थाना प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्रांतर्गत सक्रिय आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को रोकने एवं कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में आरोपी देवेन्द्र उर्फ लल्लु विश्वकर्मा पिता भगवानदास विश्वकर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती धनपुरी के विरुद्ध उसकी आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाये जाने के संबंध में आरोपी के विरुद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला दंडाधिकारी द्वारा जिला बदर करार किया गया था जो कि जिसे शहडोल जिले की सीमा एवं पड़ोसी सीमावर्ती जिलों- उमरिया, अनूपपुर, सीधी, सतना से 06 माह कि अवधि के लिये निष्कासित किया गया था। 07 अपै्रल को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उक्त जिला बदर आरोपी देवेन्द्र स्थानीय ज्वालामुखी मैदान में घूम रहा है, जिस पर तत्काल प्रतिक्रिया करते हुए गिरफ्तार किया गया जो कि शासन के आदेश कि आव्हेलना करते हुए पाया गया। जिसके विरुद्ध थाना धनपुरी में अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय पेश किया गया ।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी धनपुरी खेम सिंह पेन्द्रो, सहायक उप निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक गजेन्द्र, दिनेश एवं आरक्षक बीरेन्द्र मौर्य की सराहनीय भूमिका रही।

### अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा शहडोल जिले में शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में 06 अपै्रल को अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 39 स्थानों पर दबिश देकर कुल 416 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई । सभी आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### शबे कद्र की 27वीं रात अकीदत के साथ मनाई गई



**धनपुरी।** रमजान महीनों के रहमतों बरकतों के माह में सबसे अफजल मानी जाने वाली शबे कद्र की रात अकीदत और एहतराम से नूरी मस्जिद धनपुरी में बिताई गई। इस अवसर पर मस्जिदों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। मस्जिदों में कुरान मुकम्मल होने पर मस्जिद के इमाम कारी मौलाना सहागीर सब की दस्तारबंदी की गईं। नूरी मस्जिद कमेटी के द्वारा पेश इमाम साहब के इस्तकबाल किया गया पेश, इमाम साहब लगातार 22 साल से नूरी मस्जिद में तरावीह की नमाज अदा कर और देश-प्रदेश में सुख शांति अमन की दुआ की गई, सुबह फजर की नमाज के बाद अपने पूर्व जनों को याद करने धनपुरी कब्रिस्तान समाज जनों का जत्था पहुंचा और अपने पूर्व जनों को याद किया गया।

### हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात

**शहडोल।** जिले में जंगली जानवरों की आवाजाही ने एक बार ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। इस बार हाथियों का झुंड जिले के ब्यौहारी रिहायसी क्षेत्र में पहुंचा है। खड़ौली गांव में छह से ज्यादा हाथियों का झुंड किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा रहा है। हाथियों की आमद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, लोग अपने घरों से बाहर निकलने से भी डर रहे हैं। बांधवगढ़ और संजय गांधी टाइगर रिजर्व की सीमा से लगे शहडोल जिले में अक्सर जंगली जानवरों आना-जाना लगा रहता है। कुछ महीने पहले ही एक किशोर को हाथियों ने कुचल दिया था।

## तसल्ली देने के लिए आचार संहिता में दिखे ठेकेदार व मजदूर

# वर्षों बाद दिखेगी 27 करोड़ की मॉर्डन सीएम राइज स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल।

सरकारी स्कूलों के बिगड़ते माहौल और शिक्षा की दुर्दशा को देखते हुए शायद प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री ने सीएम राइज स्कूलों की घोषणा की थी। इन स्कूलों की आवश्यकता शायद आदिवासी बहुल क्षेत्रों में सर्वाधिक है जहां रहन सहन के साथ सांस्कृतिक विकास भी बहुत आवश्यक है। लेकिन मैदानी अमले की लापरवाहियों के कारण कई जगहों में इन स्कूलों की आज तक बुनियाद भी नहीं डाली जा सकी है। जयसिंहनगर के खुसरवार ग्राम में ऐसी ही एक स्कूल का निर्माण होना था। लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बावजूद 27 करोड़ के बजट वाली इस स्कूल की बुनियाद भी नहीं पड़ी है। लोक सभा चुनाव के समय जबकि आचार संहित प्रभावशील है तब भवन के संबंधित ठेकेदार बिलासपुर निवासी मुकेश अग्रवाल ने कुछ काम शुरू कराया है। स्कूल की निर्माण एजेंसी बीडीसी भोपाल है, वहां के अधिकारियों ने भी शायद कभी पूछताछ नहीं की आखिर स्कूल का निर्माण क्यों शुरू नहीं हो सका। निर्माण की इस गति को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि शासन की इस घोषणा का लाभ मिलने में वर्षों बीत जाएंगे।

### सीएम राइज स्कूल की रुपरेखा

शासन ने सीएम राइज स्कूलों में संपूर्ण विकास को देखते हुए 27 करोड़ का बजट निर्धारित किया था। बच्चों को इन सरकारी स्कूलों में बेहतर माहौल और आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का प्रावधान किया गया है। सीएम राइज स्कूल भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए विकसित आडिटोरियम, प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब, स्पोर्ट कंपलेक्स, लायब्रेरी आदि की सुविधाएं रहेगी। इन स्कूलों में केजी से 12 वीं तक कक्षाएं संचालित होंगी। शिक्षा देने के लिए उच्च शिक्षा वाले शिक्षक हायर किए जाएंगे। बच्चों की खेल सुविधाओं के लिए खेल प्रशिक्षक व खेल मैदान उपलब्ध कराए जाएंगे। शाला में बच्चों के लिए निःशुल्क परिवहन की व्यवस्था होगी। इन स्कूलों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अधिकतम संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।



### अभी तो नींव भी नहीं पड़ी

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधान सभा चुनाव के दौरान अपने प्रवास के समय जयसिंहनगर की खुसरवार और बुढ़ार में सीएम राइज स्कूलों के निर्माण की घोषणा की थी। लेकिन घोषणा के बाद महीनों तक स्कूल निमार्ण का कोई पता ही नहीं चला। जब इधर उधर जानकारी ली गई तो ज्ञात हुआ कि 27 करोड़ रुपए इस स्कूल के लिए भी स्वीकृत हुआ और बिलासपुर के मुकेश अग्रवाल ने इसका ठेका लिया है। इससे ग्रामीणों में उत्साह जाग गया था कि पूर्व मुख्यमंत्री की घोषणा सार्थक होगी। लेकिन निर्माण अभी भी कहीं दिखाई नहीं पड़ रहा है। इधर कुछ दिनों से एक बड़े भूखण्ड की साफ सफाई और समतलीकरण का कार्य शुरू किया गया है।

### विधायक को भी सरोकार नहीं

जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह भी चुप्पी साधे बैठी हैं। उन्होने भी शासन-प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट नहीं कराया कि सीएम राइज का काम महीनों बाद भी चालू नहीं हो रहा है। निर्माण एजेंसी के अधिकारी व ठेकेदार उदासीनता बरत रहे हैं। जबकि काम जल्द से जल्द शुरू कर दिया जाना चाहिए था। विधायक मनीषा सिंह निष्क्रियता से उबर कर यदि क्षेत्र का मौका मुआयना कर शासन को अपनी रिपोर्ट भेजना शुरू कर दें तो स्थिति में काफी सुधार आ सकता है। प्रशासन की निष्क्रियता उनके हस्तक्षेप के कारण दूर हो सकती है।

### सरकारी स्कूलों का हाल बे हाल

सरकारी स्कूलों के बेहतर संचालन के लिए भी हालांकि शासन ने कई तरह की योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं लेकिन शिक्षकों की कमीं और बजट के अभाव में इन स्कूलों की दुर्दशा हो रही है। एक शिक्षक बच्चों को पूरे समय तक घेरे बैठा रहता है और फिर स्कूल का समय समाप्त होने पर स्कूल की छुट्टी कर दी जाती है। न तो पेयजल की अच्छी सुविधा है और न शौचालयों का कोई उपयोग हो रहा है। शौचालय गिरने की कगार पर हैं, बच्चों के बैठने के लिए न तो टाट पट्टी है न ब्लैक बोर्ड पर लिखने के लिए चाक है। साल भर में एक बार रखरखाव के नाम पर थोड़ा बहुत बजट दे दिया जाता है। स्कूलों के भवन जर्जर हैं समय से उनकी मरम्मत तक नहीं कराई जाती है।

# 105 लीटर अवैध शराब जप्त

**मानपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना-चौकी प्रभारियो को अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु अधिक से अधिक विधिसंगत कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। इसी कड़ी में थाना मानपुर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक उमरिया व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशो के पालन में एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस उमरिया के मार्गदर्शन में टीम गठित कर मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना क्षेत्रान्तर्गत कुल 03 स्थानो पर रेड कार्यवाही की गई, रेड कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम को कुल 105 लीटर अवैध शराब जप्त करने में सफलता प्राप्त हुई,



जिस पर थाना मानपुर में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत 01 एवं 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत 02 प्रकरण आरोपियो के विरूद्ध दर्ज किये गये।

जिसमें थाना मानपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम नौगंवा में आरोपी शुभम पटेल पिता विजय पटेल उम्र 26 साल निवासी ग्राम नौगंवा के यहां कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से 63 लीटर देशी प्लेन मदिरा तथा पुलिस टीम द्वारा रोहनिया पेट्रोल पंप के पास मानपुर आरोपी शंकर प्रसाद यादव पिता स्व.रामस्वरुप यादव उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम पतौर चौकी ताला थाना मानपुर के कब्जे से 30 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं थाना मानपुर पुलिस टीम द्वारा नरवार तिराहा में रोड किनारे दबिस दी जाकर आरोपी रामेश्वर जायसवाल पिता रामप्रसाद जायसवाल उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम नरवार चौकी ताला थाना मानपुर के कब्जे से कुल 12 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त की गई। 03 आरोपियो के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

कार्यवाही में उप निरीक्षक शरद खम्परिया थाना प्रभारी मानपुर, सुभाष दुबे, वीरेन्द्र यादव (चौकी प्रभारी ताला), सहायक उप निरीक्षक रामबकस कोल, दिनेश अग्निहोत्री, शैलेन्द्र सिंह, आनंद केदार, धनेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक विकास मिश्रा, सूर्यप्रकाश शुक्ला, अजय त्रिपाठी, आरक्षक मनोज, आशीष तिवारी, सुरेन्द्र शुक्ला, अभिषेक परौहा, शुभम झा, रत्नकुमार तांडेकर, राजेन्द्र साहू, लाल बिहारी का सराहनीय योगदान रहा।

## धनपुरी नगर पालिका सीएमओ को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# इन्दौर में युवती ने दर्ज कराया था दुष्कर्म का मामला

**शहडोल।** जिले के नगर पालिका परिषद धनपुरी के सीएमओ को बुढ़ार के ग्राउंड में क्रिकेट खेलते समय बीच ग्राउंड से इंदौर पुलिस उठा ले गई। इस दौरान वहां उपस्थित लोगों और पूरी नगर पालिका धनपुरी में हडक्ंप मच गया। सीएमओ प्रभात बरकड़े के ऊपर मेडिकल की तैयारी कर रही छात्रा के द्वारा उसके साथ बलात्कार करने का आरोप लगाई हैं। छात्र ने इस संबंध में शिकायत इंदौर पुलिस में दर्ज कराई है। इसके बाद इंदौर पुलिस की टीम रविवार को सीएमओ को बुढ़ार क्रिकेट मैदान में क्रिकेट खेलते समय गिरफ्तार कर अपने साथ इंदौर ले गई। एमआईजी थाना प्रभारी ने बताया कि इंदौर में पढ़ाई करने वाली युवती की सीएमओ बरकड़े से मुलाकात हुई थी, आरोपी ने पीड़िता को इंदौर-जबलपुर समेत अन्य स्थानों पर ले जाकर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया, जब उसने शादी की बात पर जोर दिया तो, वह मुकर गया, इसके बाद पीड़िता ने थाना में शिकायत दर्ज कराई। प्रभात बरकड़े जिले के नगर पालिका परिषद धनपुरी में मुख्य नगर पालिका अधिकारी पदस्थ हैं, लेकिन लोगों को ताज्जुब तब हुआ, जब आज उनकी गिरफ्तारी इंदौर पुलिस के द्वारा की गई। स्थानीय पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सीएमओ प्रभात बरकड़े के ऊपर इंदौर में मेडिकल नीट की परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा ने दैहिक शोषण का आरोप लगाया है। इस संबंध में छात्रा ने इंदौर पुलिस में सीएमओ के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई है।



मामले में स्थानीय पुलिस सूत्रों ने बताया कि छात्रा के बयान के आधार पर इंदौर की एमआईजी थाना पुलिस ने आरोपी सीएमओ प्रभात बरकड़े के खिलाफ धारा 376 सहित पास्को एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। इसके बाद इंदौर पुलिस की एक टीम शहडोल जिले पहुंची और धनपुरी नगर पालिका में पदस्थ सीएमओ प्रभात बरकड़े को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पुलिस की गिरफ्तारी के दौरान सीएमओ बुढार के एक ग्राउंड में क्रिकेट खेल रहे थे, तभी बीच ग्राउंड से उनकी गिरफ्तारी की गई है। इंदौर से पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी देकर सीएमओ को गिरफ्तार कर अपने साथ इंदौर ले गई है।

# 5 साल की मासूम बच्ची ने रखा पहला रोजा देश में अमन चैन की मांगी दुआ

**धनपुरी।** खुदा से प्रेम और इबादत के लिए कोई उम्र नहीं होती, रमजान माह में रोजेदार रोजा रखकर खुदा की इबादत कर रहे हैं। इसमें बच्चे भी पीछे नहीं हैं। ऐसी ही जिले की धनपुरी में रहने वाली 5 साल की नन्ही सनाया फातमा रोज़ा रखकर नमाज अदा कर खुदा का सजदा देश में अमन, चैन की दुआ कर रही है। धनपुरी की रहने वाली सनाया फातमा 5 साल की उम्र में अपने जीवन का पहला रोजा रखा है। इस बार अपना पहला रोजा रखा है, जो काबिले तारीफ है। पूछे जाने पर ये बच्ची ने बताया कि रोजा रखकर उन्होंने खुदा से दुआ मांगी है कि देश-दुनिया में अमन शांति कायम रहे और सभी लोग मिल जुलकर रहें, माहे रमजान में नन्हे बच्चियों के रोजा रखना और इबादत करने को लेकर परिजनों सहित आसपास के लोगों ने भी काफी खुशी जाहिर की है। चिलचिलाती गर्मी में इस बच्ची के बुलंद हौसलें काबिले तारीफ़ है।



## दबंग ने जेसीबी से दर्जनों महुआ पेड़ को किया जमींदोज

# महुआ संग्राहक को दी जान से मारने की धमकी

**उमरिया।** महुआ संग्राहकों से नाराज़ दबंग जेसीबी संचालक ने मशीन की मदद से दर्जन भर हरे-भरे पेड़ को जमीदोज किया है, इसके अलावा महुआ संग्राहकों को जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले की लिखित शिकायत पीड़ति सतीलाल पिता विश्राम केवट निवासी छपडौर ने सम्बंधित मानपुर पुलिस को की है। फरियादी की लिखित शिकायत की माने तो ग्राम छपडौर स्थित ओपन कैप के बगल में दर्जनों महुआ के फलदार वृक्ष है, यहाँ क़ई सालों से महुआ संग्राहक महुआ बीनते रहे है। शनिवार की दोपहर स्थानीय अरुण चतुर्वेदी पहुंचे और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और कहा कि बिना देर किए यहाँ से चले जाओ, कुछ देर में मौके पर जेसीबी मशीन ले आये और करींब दर्जन भर हरे-भरे पेड़ों को जमीदोज कर दिया। पीड़ति के शिकायत की माने तो मानपुर परिक्षेत्र के पटेहरा बीट से सटे घटना स्थल में जिस तरह महुआ के हरे-भरे पेड़ों को मशीन की मदद से जमीदोज किया गया है, पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी उचित नहीं कहा जा सकता, इस पूरे मामले में पुलिस क्या कार्यवाही करती है देखने योग्य होगा। महुआ संग्राहकों के लिए महुआ जीविकोपार्जन का मुख्य साधन है, अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही परिवार के लोग महुआ बीनने जा रहे है, ऐसे में जीविकोपार्जन के मुख्य साधन महुआ के पेड़ों को धराशाही कर नष्ट करना, किसी भी दृष्टिकोण से उचित नही कहा जा सकता। ऐसे मामलों में विधिसंगत कार्यवाही की दरकार है। विदित हो कि अभी हफ्ते भर पहले इंदवार थाना अंतर्गत ग्राम उमरिया-बकेली में भी महुआ संग्राहक परिवार पर हमला किया था, जिसकी शिकायत इंदवार थाने में की गई थी। इस मामले में भी दबंगों ने दिन दहाड़े लाठी, डंडों से हमला कर महिला समेत कई लोगों को रक्तरंजित किया था। इसके अलावा नोरोजाबाद थाने के ग्राम बंगवार में भी अभी हफ्ते भर पहले महुआ बीनने पर भाइयों में विवाद हुआ था, बाद में भाई ने भाई को ही कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था।

# सोहागपुर में रहीम का ठीहा फिर हुआ गुलजार

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय में रहीम के कबाड़ की दुकान के पट एक बार फिर खुल गए हैं। इसके साथ ही कबाड़ चोरी की घटनाओं में भी वृद्धि होने लगी है। खबर है कि कबाड़ वाहन में लोड कर जबलपुर भेजा जा रहा। पहले पुलिस ने इस पर रोक लगा दी थी, लेकिन फिर से न केवल शहर में बल्कि आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से कबाड़ उठाया जा रहा है। रहीम के ठीहा खुलने के बाद एक बार फिर कबाड़ चोरी की घटनाओं में इजाफा हो गया है। प्रारंभ से ही कबाड़ को लेकर पुलिस सवालों के घेरे में रही है, एक बार फिर सोहागपुर पुलिस पर उंगलिया उठ रही।संभागीय मुख्यालय में एक वक्त था, जब आधा दर्जन से अधिक कबाड़ के ठीहे गुलजार होते थे, पुलिस की मर्जी के हिसाब से दुकानें खुलती और बंद होती थी, कुछ ऐसे ही हालात एक बार फिर सोहागपुर थाना क्षेत्र में होता नजर आ रहा है। कबाड़ के व्यापार को जितना मामूली समझते हैं, दरअसल उतनी ही गहराई है इस व्यवसाय में। आमतौर पर कबाड़ की दुकानों के बाहर टूटे-फूटे कूलर व सामान्य कबाड़ ही नजर आता है। इसे खरीदने वाले को मामूली आमदनी होती है। मूल रूप से बड़े स्क्रैप से बड़ा लाभ कमाया जाता है। संभागीय मुख्यालय में एक रहीम के कबाड़ ठीहे के संचालित होने की खबर है, हालाकि संभागीय मुख्यालय में दर्जनों स्थान पर छोटी-बड़ी कबाड़ की दुकानें चल रही। खास बात तो यह है कि सभी कबाड़ व्यवसायी रहीम को माल भेज रहे। ऐसा नहीं कि कबाडियों में कोई आत्मज्ञान प्राप्त हुआ हो और एकसूत्र में बंध गए हों। दरअसल सभी को यह कह दिया गया है कि कोई भी सीधे तौर पर थोक व्यापारी के पास कबाड़ नहीं खपाएगा। सभी को संभागीय मुख्यालय में रहीम को ही माल देना होगा, इसी शर्त पर ही उनकी दुकान चल सकेगी।खबर है कि कबाड़ शुरू किए जाने पर कई तरह के तर्क दिए जा रहे है कि घरेलू व दुकानों के कबाड़ नहीं बेच पाने से लोगों को परेशानी हो रही थी। रहीम कबाड़ी को सख्त हिदायत दी गई है कि चोरी की कोई सामग्री न खरीदें। यदि ऐसा हुआ तो कार्रवाई की जाएगी। सवाल यह उठता है कि यह हिदायत पहले भी दी जा सकती थी, तो उस वक्त कबाड़ व्यवसाय यह कहते हुए क्यों बंद करा दिया कि यह चोरी का सामान खपाने का अड्डा है। पुलिस का लिया गया पहले निर्णय या तो गलत था या फिर अब।

# धार्मिक कार्यक्रम के समापन के बाद हुआ फूहड़ डांस



**शहडोल।** जिले में धार्मिक कार्यक्रम के बाद डांसरों के साथ ग्रमीण के अश्लील डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिले के अमलाई क्षेत्र के रूंगटा तिराहा स्थित शिव मंदिर के पास शुक्रवार को धार्मिक चैता प्रोग्राम के समापन के बाद एक आयोजन रखा गया था, आयोजन में डांस के लिए कुछ डांसर को बुलाया। इस दौरान डांसरों ने अश्लील गानों पर जमकर डांस किया। डांसरों के साथ वहां मौजूद लोगों ने डांसरों के साथ अश्लील डांस किया, डांस के समय दर्शक दीर्घा पर सरपंच, उपसरपंच समेत अन्य लोग भी मौजूद थे, लेकिन किसी ने डांस को रोकने की जहमत नहीं उठाई, वहीं इस कार्यक्रम में लोगों का जमावड़ा लगा हुआ था, जंहा क जिसकी आयोजनकर्ताओं ने प्रशासन से परमीशन नहीं ली थी।

**बिना परमीशन के हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

### इनका कहना है...

सहित अन्य लोगो ने उसका आयोजन किया था, जिसके लिए दो डांसरों को बुलाया गया था, जहां मुझे भी बुलाया गया था, लेकिन कुछ लोग अश्लील डांस करने लगे तो मैं उठकर चला गया था, मैन फूहड़ डांस को रोकने का प्रयास भी किया था।

उप सरपंच जय प्रकाश सिंह

**सूरज दास**
**सरपंच**
**ग्राम पंचायत साबो**

# नशीले सिरप सहित आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** पपौंध थाना क्षेत्रांतर्गत 06 अपै्रल की रात्रि में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि नारेन्द्र उर्फ पिंटू नाम का व्यक्ति एक झोले में बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ कोरेक्स सिरप लेकर विजयसोता से अपने घर कि तरफ जा रहा सूचना पर पपौंध पुलिस द्वारा विजयसोता मेन रोड पडरी तिराहा पहुंचकर देखा तो सूचना के अनुसार एक व्यक्ति नीले रंग का लोअर और गुलाबी रंग के टी-शर्ट पहने हुए हाथ में झोला लिये विजयसोता कि तरफ से आ रहा था, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा हमराह स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकड़कर नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम नारेन्द्र उर्फ पिंटू जायसवाल पिता शोभलाल जायसवाल उम्र 35 वर्ष निवासी पपौंध का होना बताया। तलाशी में आरोपी पिंटू जायसवाल के कब्जे से प्राप्त झोले से मादक कफ सिरप (ऑनरेक्स कफ सिरप) कि 34 बन्द शीशियां कीमती 11,900 रु. बरामद हुई। पुलिस टीम के द्वारा उक्त सिरप को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पपौंध मि_ लाल वर्मा, सहायक उप निरीक्षक विपिन बागरी, राजेन्द्र तिवारी, प्रधान आरक्षक नारेन्द्र उपाध्याय, आरक्षक नवी खान, हनुमान एवं महिला आरक्षक सरोज बैगा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## खबर संक्षेप

### बुलेरो वाहन से 109940 रूपये जप्त

**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली व्दारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के घोषित कार्यक्रम अनुसार 12 अनुसूचित जन जाति शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है। लोकसभा निर्वाचन के लिए उमरिया जिले एसएसटी टीम का गठन किया गया है, जिनके द्वारा वाहनों की सघन चेंकिंग की जा रही है । एसएसटी टीम घोघरी द्वारा भगवान दास वासवानी की बुलेरो क्रमांक एमपी 18 जी ए 4740 की जांच की गई । जांच के दौरान 109940 रूपये जप्त किये गये।

### समर्सियल पाईप के माध्यम से वार्ड में किया जा रहा पेयजल का प्रदाय

**उमरिया।** नगर परिषद नौरोजाबाद के वार्ड क्रमांक-2 द्वारा दिए गए ज्ञापन के संबंध में मुख्य निर्वाचन आयोग पदाधिकारी मप्र द्वारा उक्त संबंध जारी पत्र के तारतम्य में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नौरोजाबाद ने बताया कि वार्डवासी एवं वार्ड पार्षद के समक्ष वस्तु स्थिति का अवलोकन किया गया जिसमें पाया गया कि नगर परिषद नौरोजाबाद द्वारा पूर्व से खुदे हुए बोर में नवीन समर्सियल डालकर पाईप के माध्यम से वार्डवासियों को जल प्रदाय किया जा रहा है। वार्डवासियो द्वारा मौके पर बताया गया है कि अब हमें पानी को लेकर कोई समस्या नहीं है। हमारी समस्यां का निराकरण होने से पूर्व की भांति मतदान में सहभागिता निभायेंगे

### लोकसभा चुनाव का एसईसीएल से पीड़ित कर सकते हैं बहिष्कार

**शहडोल।** जिले के रामपुर बेलिया के ग्रामीणों ने 04 मार्च को एसईसीएल प्रबंधक एवं प्रशासन को ज्ञापन दिया था, जिस पर सुनवाई नहीं हुई तो किसानों ने 09 मार्च से कोयला प्रबंधन के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया था। इसके बाद 12 मार्च को एसईसीएल प्रबंधन, जिला प्रशासन और प्रभावित किसानों के बीच समझौता हुआ, जिसमें प्रबंधन द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया कि 3 माह की समय सीमा के अंदर प्रभावित किसानों को मुआवजा, पुनर्वास, रोजगार एवं बहाली की व्यवस्था की जाएगी। 19 मार्च को एडवोकेट रामलखन की सहमति से अखिलेश्वर मिश्रा सहायक सुरक्षा उपनिरीक्षक, रामपुर बटुरा परियोजना एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के द्वारा थाना अमलाई की सहमति से प्रभावित किसानों को 15 दिन के भीतर 3 करोड़ रुपए की वसूली के लिए नोटिस भेजा गया,जबकि प्रभावित किसानों की जमीन वर्ष 2011 में अधिग्रहित की गई है, लेकिन आज तक रोजगार नहीं मिला है। प्रभावित किसानों को पुनर्वास, ज़मीन का मुआवज़ा, पेड़-पौधों का मुआवज़ा पूरा नहीं दिया गया।ब्लास्टिंग होती है तो पूरा घर हिल जाता है। कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।जांच भी हुई फिर भी प्रबंधन की ओर से उन्हें कोई मुआवजा नही दिया गया। किसानों ने ज्ञापन में बताया कि पूर्व में भी प्रभावित किसानों ने बेलिया रामपुर विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया था, जिसमें कलेक्टर द्वारा आश्वासन के बाद सुबह 9 बजे के बाद मतदान शुरू हो सका था, जिसमें कहा गया था कि 15 दिन के अंदर प्रभावित किसानों की समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। समस्या से आज तक किसान जूझ रहे हैं, इसलिए जिला प्रशासन व एसईसीएल प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए किसानों ने अनुरोध किया है कि यदि ऐसी स्थिति बनी रही तो, एसईसीएल से पीड़ति किसान सामूहिक रूप से आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर सकते हैं।

## गौतम जी बोरवेल ने शासन के खजाने में लगाई सेंध

# खुदाई सहित क्रेसिंग में हुआ बड़ा फर्जीवाड़ा

### पंचायतों से लाखों रूपये लेकर की वाणिज्य कर की चोरी


जीएसटी लागू होने के बाद कर चोरी करने वालों ने कर चोरी का नया तरीका खोज निकाला है। इसमें वस्तुओं की खरीद-बिक्री किए बिना ही कारोबार दिखाया जाता है, कागज पर ही खरीद-बिक्री दिखाई जाती है और इसके जीएसटी प्रावधान के तहत आईटीसी की चोरी कर जाती है, कुछ वेण्डरों द्वारा फर्म के नाम पर रजिस्ट्रेशन होने के बाद कर जमा नहीं किया जाता है और विभाग द्वारा रजिस्ट्रेशन कैंसल होने के बावजूद लाखों की टैक्स चोरी की गई है।

उमरिया।

जिले की जनपदों में बंद हो चुकी फर्मो के नाम पर लाखों रूपये की कर चोरी का यह कोई पहला मामला नहीं है, करकेली जनपद की ग्राम पंचायतों में खेम राज मिश्रा की गौतम जी बोर वेल नामक फर्म द्वारा बोर के नाम पर पंचायतों लगभग 17 लाख 10 हजार 272 का भुगतान लिया है, उक्त फर्म का रजिस्ट्रेशन 15 मार्च 2018 को वाणिज्य कर विभाग में कराया गया एवं विभाग द्वारा इस फर्म का रजिस्ट्रेशन 27 अगस्त 2018 को कैंसल कर दिया गया, बावजूद इसके कथित वेण्डर द्वारा पंचायतों से वाणिज्य कर वसूल किया गया। इस तरह की फर्मों पर पूर्व में वाणिज्य कर विभाग द्वारा लाखों रूपये की कर चोरी का प्रकरण बनाकर राजस्व की वसूली की है, लेकिन एक साल बीतने के बाद भी गौतम जी बोर वेल तक वाणिज्य कर नहीं पहुंच पा रहा है।

### बोरिंग की हो जांच

गौतम जी बोर वेल मेन रोड भरौला के संचालक खेम राज मिश्रा द्वारा 9 पंचायतों में फर्म का रजिस्ट्रेशन कैंसल होने के बावजूद बिल लगाये हैं, कोयलारी-57, कछवार, धतूरा, खेरवाखुर्द, किरनताल कला, लोढ़ा, कछराटोला, रठेली, कोड़ार पंचायत से गौतम जी बोर वेल के खाते में लगभग बोरिंग के नाम पर 17 लाख 10 हजार का भुगतान हुआ है, वर्तमान में फर्म संचालक संभवतः ग्राम पंचायत घोघरी में पंच भी है, इससे साफ जाहिर होता है कि पूर्व में भी इनके द्वारा नेतागिरी की आड़ में पंचायतों में बिल लगाये गये हैं, लेकिन शासन के लाखों के कर चोरी का खेल किया गया है। इस मामले में पंचायत में पदस्थ तत्कालीन सचिव भी कम जिम्मेदार नहीं है, सूत्रों की माने तो केसिंग सहित बोरिंग खुदाई की जांच हुई तो सचिव भी नपते नजर आयेंगे।


Tin No.-23869219953
पिता की आशीष
लक्ष्य ग्रुप
मो.-9753401400
8959931352
गौतम जी बोर वेल
मेन रोड, भरौला, जिला-उमरिया (म.प्र.)
क्रमांक 36
दिनांक 20/01/19
विवरण GSTIN-23ASFPM8826P2Z3
कृषक का नाम .......... पिता ..........
गाँव .......... पोस्ट ..........
तहसील .......... जिला ..........
बोर की क्षमता (इंचो में) .......... बोर की गहराई करीबन ..........
केसिंग सफेद/ पी.वी.सी. प्रति फीट दर ..........
केसिंग कृषक के स्वयं का लगाने का चार्ज ..........
केसिंग निकालने का चार्ज .......... केसिंग खराब होने का चार्ज ..........

| क्र. | विवरण | फीट | दर | रकम रु. | पै. |
|---|---|---|---|---|---|

### किया गया फर्जी भुगतान

गौतम जी बोर वेल के संचालक द्वारा एक ओर पंचायतों में लगातार जितनी बोर के लिए खुदाई की, वहीं दूसरी ओर उतनी ही केसिंग डाल दी, आमतौर पर 100 से 150 फिट केसिंग डाली जाती है और पत्थर आने के बाद केसिंग नहीं डाली जाती है, लेकिन उक्त वेण्डर द्वारा लगभग 246 फिर बोर किया गया है और 246 फिट ही केसिंग डाली गई, बोरिंग एवं केसिंग दोनों का राउंड फिगर बनाकर वाणिज्य कर वसूल किया गया। ग्रामीण बताते हैं कि खेरवाखुर्द पंचायत में संभवतः गौतम जी बोर वेल ने दो बोर किये, एक बोर फेल हो गया और दूसरा बोर जितने फिट बताया गया है, उतना किया ही नहीं गया, अगर बीते वर्षो में हुई पंचायतों में हुई बोरिंग की जांच हुई तो, फर्जी भुगतान का अलग मामला सामने आयेगा।

### दर्ज होना चाहिए प्रकरण

पंचायतों में ग्रीष्म काल के दौरान पानी की किल्लत से बचने के लिए 9 पंचायतों ने गौतम जी बोर वेल से 17 लाख 10 हजार की बोरिंग करवाई थी, ग्रामीणों की बातों पर यकीन करें तो, कथित वेण्डर द्वारा जहां एक ओर वाणिज्य कर विभाग को धोखे में रखकर कर चोरी की है, वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत से बंद हो चुकी फर्म के नाम पर वाणिज्य कर की चोरी भी की गई है, जानकारों की माने तो जनपद को जहां ऐसे वेण्डर पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कराना चाहिए, वहीं दूसरी ओर वाणिज्य कर विभाग तो बिलों की स्कूटनी करने के बाद लाखों की पेनाल्टी जब लगायेगा, तो यह भी स्पष्ट हो जायेगा कि नेताजी ने कितने की कर चोरी की है।

### सांठ-गांठ से हुआ खेला

करकेली जनपद की पंचातयों में वेण्डर द्वारा वाणिज्यिक कर विभाग ने जीएसटी की खुलकर चोरी की है, आरोप हैं कि बगैर निविदा प्रकाशित कराये एक ही वेण्डर से सांठ-गांठ कर तत्कालीन सचिवों द्वारा बंद फर्म को भुगतान किया गया है, इसके अलावा कम खुदाई करने के बावजूद ज्यादा खुदाई के बिल लगाये गये, ग्रामीणों की माने तो जितनी केसिंग दिखाई गई है एवं जिस कंपनी का रेट दर्शाया गया है, उसमें भी खेल हुआ है। दोयम दर्जे की केसिंग लगाकर उच्च गुणवत्ता का पैसा पंचायतों से टैक्स सहित वसूला गया है, लेकिन वाणिज्य कर विभाग को धोखे में रखकर जमकर चांदी कूटी गई है।

## सरयू का पानी भजन होगा यू ट्यूब पर रिलीज

शहडोल।



जिले के एक निजी विद्यालय में अकादमी प्रमुख के रूप में कार्यरत आशा सिंह बघेल सनातन धर्म से गहरी आस्था रखते हुए उसके प्रचार व प्रसार में अपनी भूमिका निभा रहीं हैं। उन्होने वर्तमान में स्वयं ही एक भावपूर्ण भजन की रचना की है। जो कि सरयू का पानी शीर्षक से काफी लोकप्रिय हुआ है। यह भजन भगवान श्रीराम पर आधारित है। ज्ञातव्य है कि आशा सिंह बिहार प्रांत के आरा जिला स्थित कौड़यि ग्राम निवासी हैं। यह भजन चैत्र नवरात्रि पर यू ट्यूब पर रिलीज किया जाएगा। इन्होने इससे पूर्व भी कई भजन लिखे हैं जो काफी लोकप्रिय हुए हैं।



## कलेक्टर ने होम वोटिंग का लिया जायजा

**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग व्दारा दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले मतदाता जिन्होंने घर से मतदान करने हेतु आवेदन किया था, ऐसे मतदाताओं को घर पर ही मतदान कराने का का कार्य मतदान दलों व्दारा किया जा रहा है, जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम जुड़वानी का निरीक्षण किया गया जहाँ मतदान केंद्र क्रमांक 164 की मतदाता धुरकी बाई उम्र 108 वर्ष ने घर से ही मतदान किया। उन्होंने अन्य मतदाताओं से अपील की है कि 19 अप्रैल मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्रों में पहुंच कर मतदान करें एवं लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें।

जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में मानपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र 289 में सौ वर्षीय मतदाता बीरन सिंह के मतदान की प्रक्रिया मतदान दल ने सम्पन्न कराई, वीरन सिंह के घोषणा के अनुसार ज्येष्ठ पुत्र धरम दीन सिंह ने मतदान कर बन्द लिफाफा मतदान दल को सौंपा। इस दौरान एसडीएम पाली टी. आर. नाग, तहसील दार करकेली लक्ष्मी वर्मा, नायब तहसील दार सनत सिंह, सबंधित सेक्टर आफीसर मतदान दल के सदस्य साथ थे।

## कलेक्टर एवं सीईओ ने सम्हाली बाईक रैली की कमान

# मतदान का संदेश लेकर गुजरे



उमरिया।

एसईसीएल, गोरैया, मलियागुडा तथा एमपीईबी आवासीय कालोनी में मतदान का प्रतिशत कम होने के कारण, उमरिया जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, महाप्रबधंक एसईसीएल, मुख्य अभियंता ताप विद्युत केन्द्र मंगठार एस के मालवीय, एसडीएम टी. आर. नाग, महिला मंडल की अध्यक्ष अर्चना मालवीय हजारों महिला पुरूष वाइकर्स के साथ शामिल हुए, यह रैली एसईसीएल के सामुदायिक भवन से प्रारंभ होकर मलियागुडा, गोरैया तथा विद्युत मंडल आवासीय कालोनी होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची।

कलेक्टर ने कहा कि यह क्षेत्र कम मतदान के रूप में अपनी पहचान रखता है, उन्होंने कहा कि उमरिया जिले ने ठाना है, सौ प्रतिशत मतदान कराना है, इससे कम मतदान स्वीकार नहीं है, सभी मतदाता इस प्रयास में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि पाली विद्युत उत्पादन केन्द्र ने बिजली उत्पादन में रिकॉर्ड बनाया है, अब सौ प्रतिशत मतदान का रिकॉर्ड बनाकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनायेगा।

# मौसम ने फिर बदली करवट

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

जिला मुख्यालय सहित कोतमा एवं कोयलांचल क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्र में शनिवार शाम से एक बार मौसम फिर से बदल गया और आसमान में बादल छा गए। रविवार की सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे सुबह 8 बजे के लगभग बूंदाबांदी हुई और उसके बाद आसमान में घने बादल छाए रहे। दोपहर 12 से रिमझिम बारिश शुरू हो गई जो रुक-रुक कर दोपहर तक होती रही। आसमान में दिनभर बादल छाए रहे। वहीं जिला मुख्यालय अनूपपुर में भी दोपहर 3 बजे से तेज आंधी तूफान शुरू हो गया था और बारिश के आसार भी बना रहे थे। उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर मौसम पर नजर आया। बादल छाए और तेज हवा चली। इसके चलते



गर्मी से काफी हद तक राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय तीन मौसम प्रणालियों के असर से मौसम में बदलाव आ रहा है। रविवार से बारिश के साथ तेज हवा का दौर शुरू होगा। मौसम विभाग के अनुसार 7 से 9 अप्रेल के बीच बारिश, आंधी और बिजली चमकने, गिरने के साथ ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। उसके साथ एक द्रोणिका भी सम्बद्ध है। राजस्थान में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात के साथ पूर्वी विदर्भ से लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु होते हुए कोमरीन क्षेत्र तक द्रोणिका बनी है। अलग-अलग स्थानों पर बनी इन तीन मौसम प्रणालियों के असर से हवा का रुख दक्षिण-पश्चिमी हो गया है। अरब सागर से आ रही नमी के कारण बारिश, आंधी, ओले और तेज हवा चल सकती है। रात में गर्मी, दिन में राहत शनिवार सुबह से आसमान में हल्के बादलों की मौजूदगी थी, जो शाम तक गहरा गए। दिन का अधिकतम तापमान 38.1 से घटकर 35.7 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से दो डिग्री कम था। रात के तापमान में वृद्धि हुई। न्यूनतम तापमान 22.2 से बढ़कर 23.5 डिग्री हो गया। यह सामान्य से तीन डिग्री अधिक था।



## एसडीएम पाली ने सामुदायिक नेतत्व के विद्यार्थियों को दिलाई मतदाता जागरूकता शपथ

**उमरिया।** एसडीएम पाली टी. आर. नाग ने महाविद्यालय पाली में सामुदायिक नेतत्व एनआरएलएम के विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता की सामूहिक शपथ दिलाई कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । इस अवसर पर नायब तहसील दार सनत सिंह, एनआरएलएम के जिला समन्वयक रवींद्र शुक्ल, मास्टर ट्रेनर संजय पाण्डेय, जनपद समन्वयक पुष्पा टेकाम,संजय तथा अन्य मेंटर एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## होमगार्ड के समस्त अधिकारी कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**उमरिया।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) स्टेट नोडल अधिकारी चुनाव, पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन वर्ष 2024 की अधिसूचना जारी होने के उपरांत आवश्यक तैयारी को दृष्टिगत रखते हुए समस्त पुलिस कर्मचारियों का चुनाव प्रशिक्षण संपन्न हुआ। होमगार्ड जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों का चुनाव प्रशिक्षण पीटीएस सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें संस्था प्रमुख प्रतिमा पटेल पुलिस अधीक्षक पीटीएस, के मार्गदर्शन में व्याख्याता जितेंद्र अग्निहोत्री एडीपीओ पीटीएस, राजवीर सिंह गुर्जर एडीपीओ पीटीएस, व्याख्याता संजय पाण्डेय एवं एस.के. गौतम (मास्टर ट्रेनर्स चुनाव) द्वारा चुनाव संबंधी विषयों पर होमगार्ड के चुनाव प्रशिक्षण के शेष अधिकारी कर्मचारियों को चुनाव प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही शहडोल जोन एवं बालाघाट जोन के 06 जिलों के चुनाव प्रशिक्षण में शेष अधिकारी कर्मचारियों को भी ऑनलाइन चुनाव प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

## हथपुरा में मतदाता जागरूकता की आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियां




उमरिया।

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली व्दारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के घोषित कार्यक्रम अनुसार 12 अनुसूचित जन जाति शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है। मतदाताओ को जागरूकता करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पाली के सेक्टर क्रमांक-4 मालाचूआ अंतर्गत ग्राम हथपुरा में मतदाताओ को 19 अप्रैल मतदान दिवस के दिन शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर परामर्शदाता कौशलेश कुमार सूर्यवंशी एवं शशि साहू उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## देश प्रजातंत्र की जगह राजतंत्र की ओर अग्रसरः अधि. कुलदीप सिंह

**रीवा।** चुनाव का विगुल बजते ही वर्षो वर्ष से जमीदोज नेता उभर कर सामने आते हैं एवं जनता जर्नादन की सेवा के झूठे व खोखले वायदे करने लगते हैं। लोकसभा चुनाव में रीवा 14 प्रत्याशी अपना भाग्य अजमा रहे हैं जिनमें तीन तो राष्ट्रीय दल है जबकि 11 लोग निर्दलीय एवं अन्य ऐसे दल से है जिनको कोई नहीं जानता है। अधिवक्ता कुलदीप सिंह सोमवंशी ने कहा कि राजनीति प्रजातंत्र का सेवा धर्म न होकर राजतंत्र का राज धर्म बन गया है, लोग आते है तो वात करते है कि हम जनता की सेवा करेगें लेकिन चुनाव जीतने के वाद वह अपनी सेवा करने लगते हैं न कि जनता कि यदि चुनाव जीतने के बाद चाहे विधायक हो या सांसद जनता जर्नादन की सेवा में लग जाय तो वास्तव में यह देश सोने की चिड़ियि बन जाय। अधिवक्ता कुलदीप सिंह ने कहा कि नेताओं की कथनी और करनी में अंतर होने की बजह से देश बेरोजगारी व आर्थिक पंगुता की ओर अग्रसर हुआ है यदि यही स्थिति बनी रही तो इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि आगे आने वाले समय में भारत देश में भी अन्य देशों की भांति आर्थिक संकट की स्थिति निर्मित हो जायेगी।

## कार्यालय खोलने की अनुमति देंगे एसडीएम

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में उम्मीदवारों तथा राजनैतिक दलों द्वारा स्थानीय स्तर पर चुनाव प्रचार के लिए कार्यालय स्थापित किए जाते हैं। कार्यालय स्थापित करने की अनुमति संबंधित क्षेत्र के एसडीएम प्रदान करेंगे। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि सभी उम्मीदवार और राजनीतिक दल सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से चुनाव प्रचार के लिए कार्यालय स्थापित करें। जिला मुख्यालय रीवा में कार्यालय खोलने की अनुमति एसडीएम हुजूर देंगे।

## डाक मतपत्र से मतदान के लिए तैनात कर्मियों का प्रशिक्षण आज

**रीवा।** अनुपस्थित मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से घर से मतदान की सुविधा दी जा रही है। इसमें 18 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाता शामिल हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि घर से मतदान की सुविधा देने के लिए तैनात दलों को 8 अप्रैल को दोपहर एक बजे से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में माइक्रो आब्जर्वर के रूप में तैनात कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी, वीडियोग्राफर एवं मतदान कराने वाले दल के सदस्य शामिल होंगे। प्रशिक्षण में सभी संबंधित सेक्टर आफीसर भी उपस्थित रहेंगे। प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण इन सभी के समुचित प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## नाम वापसी का आखिरी दिन आज - जारी होगी उम्मीदवारों की सूची

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में संसदीय क्षेत्र 10 रीवा में नामांकन पत्र 8 अप्रैल को शाम 3 बजे तक वापस लिए जा सकते हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नाम वापसी की समय सीमा पूरी होने के बाद उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी। रिटर्निंग आफीसर द्वारा 8 अप्रैल को ही उम्मीदवारों को चुनाव प्रतीक आवंटित किए जाएंगे। रीवा संसदीय क्षेत्र में नामांकन पत्र भरने का क्रम 28 मार्च से शुरू हुआ। नामांकन पत्र 4 अप्रैल तक दाखिल किए गए। इस अवधि में 19 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए। संवीक्षा के दौरान 14 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। विभिन्न कारणों से 5 नामांकन पत्र निरस्त किए गए। निर्वाचन आयोग द्वारा रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान के लिए 26 अप्रैल का दिन निर्धारित किया गया है।

**चैत्र नवरात्र पर्व पर तदर्थ समिति द्वारा किए गए व्यापक प्रबंध**

# ज्वालामुखी मंदिर में स्थापित होंगे 3100 जवारा कलश

**धनपुरी।** शहर के सिद्ध पीठ मॉ ज्वालामुखी मंदिर प्रांगण में 9 दिनों तक चलने वाले पर्व नवरात्र का शुभारंभ 9 मार्च से प्रारंभ हो रहा है मंदिर समिति के साथ-साथ प्रशासन भी इसे लेकर सजग है चुनावी आचार संहिता के बीच नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। मंगलवार को वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ शुभ मुहूर्त में 3100 सौ कलश स्थापना जवारा बोने के साथ होगा।ज्ञात हो कि इस बार नवरात्रि पूरे 9 दिनों की होगी और श्रद्धालु मां की पूजा अर्चना कर सकेंगे।तदर्थ समिति सदस्य सक्रिय चैत्र नवरात्रि एवं रामनवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने को लेकर तदर्थ समिति के सदस्यों में महेंद्र सिंह पवार,आकाश मिश्रा ने बताया कि चैत्र नवरात्रि को लेकर मां ज्वालामुखी मंदिर में पूर्व की भांति इस बार भी सेवा भाव के साथ पूरे तन मन धन से समर्पित होकर कार्य के देखरेख में भक्तजन लगे हैं जैसे मंदिर में रंग रोगन पूजा की सामग्री, 31सौ कलश की व्यवस्था, जवारा बोलने के लिए कलश काली मिट्टी, गेहूं अन्य सामग्री को जुटाने में लगे हुए हैं। श्रद्धालु जनों को बैठने की उत्तम व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था पानी व्यवस्था लाइट व्यवस्था मनोकामना घी दीप, की व्यवस्था अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं।पटवारी का मार्गदर्शन 9 मार्च से तदर्थ समिति के सदस्यों के द्वारा सेवा भाव से मां के दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए 10 दिनों तक सुबह से देर रात तक मां की सेवा में तन मन धन से लगे रहेंगे जिससे श्रद्धालु जनों को किसी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े। पटवारी के निर्देशानुसार ही कार्य को अंजाम दिया जा रहा है।नपा ध्यान देः महेन्द्र साधना आराधना उपासना के इस पर्व पर श्रद्धालु जन सुबह से ही जल चढ़ाने नंगे पैर मंदिर पहुंचते हैं। महेंद्र सिंह ने नगर पालिका का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मंदिर पहुच मार्गों की साफ-सफाई किया जाए जिससे श्रद्धालु जनों को परेशानी ना हो। और श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण कर सकें ऐसी व्यवस्था नगर पालिका के द्वारा बनाई जाए।पूर्व पदाधिकारी सक्रिय मां ज्वालामुखी मंदिर चैत्र नवरात्र 9 मार्च से प्रारंभ हो रहा है माता रानी के दरबार में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेवा देने वाले भक्तजनों में पुष्पेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, स्कंद सोनी, मैथिलीशरण गुप्त ,आकाश मिश्रा, बरातू लोधी, संतोष मेहरा, कल्लू लोधी, कृष्ण दत्त उर्फ करिया पप्पू, किशोरी लोधी, प्रेमा नायक, अन्य भक्तजनों के द्वारा पूरे श्रद्धा भाव के साथ तन मन धन से मां की भक्ति शक्ति मे अपनी सेवा देने में जुटे हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां ज्वालामुखी मंदिर में सेवा भाव से श्रम देने वाले भक्तजन जुड़ने लगे हैं।





# बाजार बैठकी वसूली में गरीबों के साथ करते हैं रंगबाजी

**बुढार।।** नगर की अव्यस्थित सब्जी मंडी में बाजार बैठकी बसूलने में नपा स्वछता प्रभारी करते हैं ग़रीब फुटपाथ सब्जी विक्रेताओं से रंगबाजी बिना पर्ची के बसूलते है बैठकी शुल्क, रेलवे ब्रिज के समीप अव्यस्थित रुप से लग रही सब्जी मंडी में आसपास के गांव से सब्जी लेकर आने बाले महिलाओं से बाजार बैठकी को लेकर अनाप-शनाप पैसा बसूलने बाले नगर परिषद बुढार के कर्मचारियों को द्वारा तराजू बाट उठाकर डारा कर बसूलते है पैसा और सुविधाएं कुछ भी नहीं प्रदान की जाती है।



### पुलिस भी दिखातीं है रौब

रविवार को रेल्वे ओभर ब्रिज के समीप अव्यस्थित सब्जी विक्रेताओं के द्वारा सड़क के किनारे बैठकर सब्जी बेचकर अपना जीवन यापन करने वाले गरीबों को वहां से हटाने के लिए पुलिस डंडा लेकर रौब दिखातीं है और दुसरी ओर नगर परिषद कोई सुविधा नहीं देते है और बैठकी शुल्क बसूलने में कोई कसर नहीं छोड़ते है।

**सीएमओ वरकड़े को इंदौर पुलिस ने लिया हिरासत में**

# दुष्कर्म के मामले में बुढार से पकड़ कर ले गये इंदौर

**बुढार।** कोयलांचल क्षेत्र नगर पालिका धनपुरी मे पदस्थ मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रभात वरकड़े को इंदौर जिले के एमआईजी थाना पुलिस की टीम ने रविवार को बुढार आकर हिरासत मे लेकर अपने साथ इन्दौर पुछताछ के लिए लें गई।

आरोपी सीएमओ पुर्व में इंदौर से आई पुलिस ने हिरासत मे लिया वह क्रिकेट खेल रहे थे। इस संबंध मे इंदौर के एमआईजी थाना प्रभारी मनीष लोधा ने बताया कि इंदौर मे रहकर पढ़ाई करने वाली युवती से सबसे पहले आरोपी सीएमओ वरकड़े की पहली मुलाक़ात हुईं थी। आरोपी एवं पीड़ति युवती के बीच दूर का रिस्ता भी होना पता चला है। पीड़ति ने थाने मे शिकायत दर्ज करते हुए बताया गया है कि इसके बाद दोनों के बीच कई बार मुलाक़ाते हुईं।

आरोपी द्वारा पीड़ति को इंदौर के अलावा जबलपुर समेत अन्य स्थानो पर ले जाकर उससे शादी करने का झांसा देकर कई बार दुराचार किया है लेकिन ज़ब युवती ने शादी करने पर जोर देने लगी तो वह इससे मुकर गया। जिसके बाद पीड़ति ने एमआईजी थाना आकर इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। मामला दर्ज होने के बाद वारिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर एमआईजी थाना इंदौर से चार सदस्यीय टीम शहडोल जिले के धनपुरी भेजी गयी थी, जहाँ से हमारी टीम ने आरोपी सीएमओ प्रभात वरकड़े को हिरासत मे ले लिया हैं। यहाँ आने के बाद आगे पूछताछ कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### इनका कहना

इंदौर एम आई जी थाने की टीम आई थी प्रभात वरकड़े को पुछताछ के लिए अपने साथ ले गये है वरकड़े के ऊपर पोस्को एक्ट का मामला दर्ज है।

**संजय जायसवाल**
**थाना प्रभारी बुढार**

# कच्ची शराब की बिक्री जोरों पर

**अमलाई।**

अमलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत कच्ची शराब की बिक्री जोरो से हो रही है। नगर परिषद बकहो के वार्ड क्रमांक 2 में इन दिनों कच्ची शराब की बिक्री तेजी से हो रही है बकहो का वार्ड क्रमांक 2 बीच बस्ती में कई घरों में शराब बनाने का कारोबार किया जा रहा है। और बिक्री की जा रही है जिस पर कार्यवाही न होने से रहवासियों को काफी परेशानी हो रही है। रहवासी उक्त अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने प्रशासन से गुहार लगाई जा रही है। अवैध शराब बिक्री से क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है तो महिलाओं और बच्चों पर इसका बुरा असर पर रहा है। कार्यवाही न होने से यह कारोबार धरल्ले से चल रहा है। वहा के रहवासी बताते है कि हर समय शराब की महक क्षेत्र का वातावरण खराब कर रही तो बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है। बता दे कि बकहो के बीच बस्ती में शराब बिक्री का कारोबार काफी पूर्व समय से चल रहा है। किंतु कार्यवाही न होने के कारण यह बढ़ता जा रहा है।जिसका दंश स्थानीय रहवासी झेल रहे है। आमलाई थाना क्षेत्र के ग्राम बटुरा का तिलमनिहा टोला भी कच्ची शराब बिक्री के लिए जाना जाता है यहां लगभग हर घर मे कच्ची शराब बनाई और बेची जाती है। जहां जानकारी न होने के अभाव में कार्यवाही नही होती है। जिससे यह कारोबार बेधड़क चल रहा है। बताया जाता है कि यहां लंबे समय से कच्ची शराब की बिक्री हो रही है जिसके रोकथाम की आवश्यकता है।

## ओपीएम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस


**आमलाई।** ओपीएम के ईएसआई चौक पर कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के 45 वाँ स्थापना दिवस मनाया। जिसमे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमृत कुमार दुबे, कुलभूषण शुक्ला, लक्ष्मण प्रसाद गौतम, ओमप्रकाश सोनी, अनिल बर्मन,रवि गिरी,सवेन्द्र सिंह (साबो), ओमप्रकाश प्रजापति, सुनील शुक्ला, गोल्डन तिवारी एवं धर्मेन्द्र दुबे आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस मनाया। और संगठन के दिशा निर्देशों के अनुरूप राष्ट्रनिर्माण, अंत्योदय और एकात्म मानववाद के मार्ग पर कार्य का संकल्प लिया।



## संजय गांधी ताप विद्युत गृह ने रचा कीर्तिमान

**बिरसिंहपुर पाली**

मध्यप्रदेश के उमरिया जिला के बिरसिंहपुर पाली में स्थित म.प्र. शासन के उपक्रम संजय गॉधी थर्मल पावर प्लांट ने दिनांक 06 अप्रैल 2024 को स्थापित क्षमता 1340 मेगावाट के विरुद्ध 1257 मेगावाट (94%) का रिकॉर्ड उत्पादन किया गया। संजय गांधी ताप विद्युत गृह के दक्ष एवं कुशल मुख्य अभियंता श्री एस के मालवीय ने इस अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी हैं।श्री मालवीय ने बताया कि कुछ माह पूर्व इकाइयों के वार्षिक रखरखाव के पश्चात उत्पादन में वृद्धि हुई हैं एवं पिछले वित्तीय वर्ष में इकाई क्रमांक 2,3 एवं 4 ने सभी निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं । उन्होंने बताया हैं कि यह उपलब्धि शासन एवं कंपनी के प्रबंध संचालक माननीय श्री मनजीत सिंह की कुशल नीतियों एवं संजय गांधी ताप विद्युत गृह के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कड़ी मेहनत एवं लगन से कार्य करने का परिणाम हैं।इस अवसर पर उन्होंने अपने सहयोगी अतिरिक्त मुख्य अभियंता, श्री जे. सी. जुनवाल , श्री एच. के. त्रिपाठी, श्री ए.डब्ल्यू. खान, श्री नाथन, श्री बिसाने एवं सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्य की प्रशंसा की हैं एवं बेहतर कार्य के लिए धन्यवाद जताया हैं एवं भविष्य में और बेहतर अपेक्षाएं की हैं।



# एसईसीएल द्वारा दिये गए तीन करोड़ के नोटिस के तथ्यों पर किसानों ने मांगा

**अमलाई।** एसईसीएल की रामपुर बटुरा खुली खदान से प्रभावित रामपुर बेलिया के ग्रामीणों द्वारा प्रबंधन की तरफ से वकील द्वारा दिये गए तीन करोड़ के नोटिस में दिए गए तत्थों का स्पष्टीकरण मांगा गया है। सेसन कोर्ट कोतमा के वकील रामलखन विश्वकर्मा द्वारा सहायक सुरक्षा अधिकारी अखिलेश्वर मिश्रा रामपुर बटुरा परियोजना द्वारा किसानों को 13 बिंदुओं के आधार पर तीन करोड़ का नोटिस दिया गया था किंतु सभी बिंदुओं में बताए गए आरोप के आधार पर किसानों को नोटिस भेजा गया है। किंतु सभी बिंदुओं में लगाये गए आरोपों को निराधार बताते हुए किसानों द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया हैं।और कहा गया की 2011 से एसईसीएल द्वारा किसानों भूमि ले ली गई और अबतक नौकरी और मुआवजे के लिए किसानों को भटकाया जा रहा है मुख्य रूप से विस्थापन और पेड़ पौधों के मुआवजे सहित नौकरी की मांग को लेकर किसान संघर्ष करते आ रहे है। बताया कि रोजगार न मिलने के कारण 6 मार्च को रामकृष्ण गुप्ता द्वारा आत्महत्या कर लिया गया चार दिनों तक पुलिस प्रशासन के समक्ष किसानों द्वारा किये गए शांतिपूर्ण आंदोलन को अशान्तिपूर्ण कहे जाने पर स्पष्टीकरण मांगा गया है साथ ही किसानों ने कहा कि एक किलोमीटर दूर किये जा रहे आंदोलन से मशीनों को हानि कैसे पहुंच सकती है सहित अन्य मुद्दों पर किसानों द्वारा पत्र लिखकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। गौरतलब है कि रामपुर बटुरा परियोजना को लेकर कई बार किसानों द्वारा आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है और हर बार एसईसीएल के अधिकारी आश्वासन देकर खदान चालू कर लिया जाता है। किंतु यहां की विसंगतियों और क्षेत्रीय समस्याओं पर एसईसीएल ध्यान नही दे रही है। जिससे समय समय पर किसान आंदोलन की राह अपना रहे है। जबकि एसईसीएल विसंगतियां निपटारा सहित अन्य मामलों पर तेजी से कार्य करने का अनेक दावा कर रही है किंतु सभी दावे दिखावा साबित हो रहे है।

# उप मुख्यमंत्री के हाथों हजारों लोगों ने भाजपा की ली सदस्यता

**रीवा।**

मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के हाथो रविवार को हजारों लोगो ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की वही रीवा के जानें माने चिकित्सक राकेश पटेल की पत्नि इंजीनियर कल्पना पटेल अपने हजारों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए इस दौरान कल्पना पटेल ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए है इस दौरान डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने कहा की आज हजारों लोग समाज सेवी कल्पना पटेल के साथ भाजपा में शामिल हुए जिनका उद्देश्य मोदी के हाथो को मजबूत करना है जिससे वो अपने लक्ष्य तक पहुंच सके।



## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया रक्षा मंत्री का स्वागत



**ब्यौहारी ।** लोकसभा चुनाव के मध्य नजर सीधी दौरे पर आए भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का शहडोल जिले की जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभा मिश्रा राकेश मिश्रा ने एयर स्ट्रिप पनवार मे स्वागत किया इस दौरान सीधी की विधायक एवं पूर्व सांसद श्रीमती रीति रजनीश पाठक द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष का परिचय रक्षा मंत्री से कराया रक्षा मंत्री के कार्यक्रम में व्यवहारिक क्षेत्र से कई नेता प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन एवं सम्राट चौराहा में हुई जनसभा में सम्मिलित हुए जिसमें ब्यौहारी क्षेत्र के विधायक शरद कोल ,राकेश मिश्रा भाजपा नेता, शत्रुघ्न पटेल ,बंधु तिवारी सानू द्विवेदी ,गोल्डी सिंह,संजय सिह ,मुनीम वैश्य,मंटू गुप्ता सहित सैकड़ो कार्यकर्ता सीधी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए ।

## सिंधु भवन में आयोजित हुआ सामूहिक जनेऊ संस्कार

**रीवा।** शाखा एवं श्री झूलेलाल सेवा मंडल रीवा के तत्वाधान में श्री झूलेलाल जयंती के उपलक्ष में सामूहिक जनेऊ संस्कार का भव्य आयोजन किया गया जिसमें सिंधु समाज रीवा के 16 बटुकों का का उपनयन संस्कार संपन्न हुआ, जनेऊ संस्कार का कार्यक्रम रीवा सिंधु समाज के ब्राह्मण समाज स्वामी देव दत्त शर्मा धर्मदास शर्मा एवं श्रीमती कोमल शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया इस शुभ अवसर पर सचखंड धाम के श्री महंत स्वामी कमल दास जी द्वारा भजन कीर्तन का मधुर कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम के उपरांत सामूहिक भंडारा प्रसाद का आयोजन भी किया गया जिसमें रीवा सिंधु समाज के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा भोजन प्रसाद ग्रहण किया गया पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत रीवा द्वारा सामूहिक जनेऊ संस्कार के बच्चों को उपहार देकर उनका सम्मान किया गया।

## मतदाता की पहचान के लिए 12 फोटोयुक्त पहचान पत्र मान्य

**रीवा !** रीवा तथा मऊगंज जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों के 2014 मतदान केन्द्रों में लोकसभा चुनाव के लिए 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। मतदाता की पहचान सुनिश्चित होने के बाद ही उसे मतदान का अवसर मिलेगा। मतदाता सूची में नाम शामिल होने पर मतदाता अपने मतदाता पहचान पत्र से मतदान का अवसर प्राप्त कर सकेंगे। मतदाता पहचान पत्र के अलावा निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने के लिए 12 फोटोयुक्त पहचान पत्रों को मान्यता दी गई है। इनमें से किसी एक का उपयोग करके मतदाता की पहचान सुनिश्चित हो जाएगी।

## अनुपस्थित मतदाताओं का मतदान 14 से 22 अप्रैल तक

**रीवा !** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार अनुपस्थित मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई है। प्रत्येक मतदान केन्द्र में बीएलओ द्वारा दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं की सूची तैयार कर इसमें घर से मतदान करने के इच्छुक मतदाताओं के फार्म 12 डी में आवेदन भरवाए गए हैं। इन मतदाताओं को 14 अप्रैल से 22 अप्रैल के मध्य घर से मतदान की सुविधा दी जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि घर से मतदान कराने के लिए दल गठित कर दिए गए हैं।

खबर संक्षेप

## मतदाता, लोकतंत्र के पर्व को उत्साह और उमंग के साथ मनाएं-कमिश्नर



**अनूपपुर।** कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने शानिवार को अनूपपुर जिले के बरतराई में साप्ताहिक बाजार भ्रमण के दौरान मतदाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि सभी मतदाता मिलकर लोकतंत्र के महापर्व को उत्साह और उमंग के साथ मनाए, यह पर्व 5 साल में एक बार आता है। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग के सभी मतदाता 19 अप्रैल को मतदान केंद्र जाकर शत-प्रतिशत मतदान करें, कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहें। उन्होंने कहा कि मतदान कर सच्चे नागरिक की पहचान बनाए। इस अवसर एडीजीपी श्री डीसी सागर ने भी सभी मतदाताओं से 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल को सभी मतदाता निष्पक्ष होकर मतदान केंद्र में जाकर मतदान करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाए। एडीजीपी ने कहा कि हमें लोकतंत्र में समान रूप मे मताधिकार दिया गया है सभी के मतों का मूल्य एक सामान है हम सबको मत देने का अधिकार दिया गया है इसके महत्व को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता 19 अप्रैल की तिथि याद रखें तथा इस तिथि को मतदान केंद्र जाकर अवश्य मतदान करें। इस अवसर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवाँर, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा अजीत तिर्की सहित अन्य अधिकारी व लोग उपस्थित थें।

## दीवार लेखन के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक

**अनूपपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 19 अप्रैल को 12 (अ.ज.जा.) शहडोल संसदीय क्षेत्र हेतु मतदान होना है। मतदान दिवस पर सभी नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक और प्रेरित करने के लिए जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिसके अनुक्रम में ग्राम पंचायत साजाटोला में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने मतदाता जागरूकता स्लोगन का दीवार लेखन जैसे- बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता ,लोकतंत्र की है पहचान मत, मतदाता और मतदान, जन-जन की है पुकार वोट देना है अधिकार आदि के माध्यम से मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान दिवस 19 अप्रैल को प्रात 7 से शाम 6 तक मतदान केंद्र पहुंच कर मतदान करने तथा सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में सहभागी बनने की अपील की गई।

## अंतर्राज्यीय संयुक्त जांच नाकों का कमिश्नर, एडीजीपी ने किया निरीक्षण



**अनूपपुर।** शहडोल संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद एवं शहडोल जोन के एडीजीपी डीसी सागर ने कोतमा अनुभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से लगे अंतर्राज्यीय संयुक्त चेकपोस्ट डोला-घुटरीटोला तथा बरतराई-बरौर का आकस्मिक निरीक्षण किया। अंतर्राज्यीय सीमा के संयुक्त चेकपोस्ट डोला-घुटरीटोला में शहडोल संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद एवं शहडोल जोन के एडीजीपी डीसी सागर ने मतदाता जागरूकता रैली में सहभागिता की तथा मतदाताओं से लोकसभा निर्वाचन के तहत 19 अप्रैल को शहडोल संसदीय क्षेत्र में होने वाले मतदान में 100 प्रतिशत भागीदारी निभाने की अपील करते हुए मतदाता शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता रैली में शहडोल जोन के एडीजीपी डी.सी. सागर द्वारा स्वरचित मतदाता जागरूकता स्लोगन लोकतंत्र की आवाज हूं मैं, मतदान के लिए तैयार हूं मैं, हमारा लोकतंत्र महान, आओ करें मतदान, लोकतंत्र का हूं मैं नायक, मेरा वोट बने निर्णायक के माध्यम से मतदाताओं को प्रेरित किया गया।

चुनाव पर विशेष

# जनता फटेहाल, नेता कैसे मालामाल?

## पांच साल बाद चुनावी मौसम में चमकते कपड़े में गरीबों के घर पहुंच रहे नेता

### आम आदमी जो भुगत रहा है नेता भी करें उसका अनुभव

मौसम चुनाव का सिर पर है। झक सफेद कुर्ते में नेता अब आपके घर आ चुके होंगे या आने वाले हैं। पाँच साल कुछ दिया हो या नहीं, माँगने जरूर आएँगे। उनसे हमें कहना चाहिए कि अभी कल की ही तो बात है। आप आए थे ऐसे ही, इसी तरह वोट माँगने। फिर पूरे पाँच साल हमारे इर्द- गिर्द लाखों खाली पत्तों की तरह अंधेरे सरसराते रहे, आपने कोई रोशनी हमारी तरफ नहीं फेंकी, अंधेरों से भी बात नहीं की। रोशनी नहीं दे सकते थे तो कम से कम अंधेरों से ही कहते कि थोड़ी दूर चले जाएं। हम दुखों, समस्याओं, आफतों के अंधकार में डूबे रहे, लेकिन आपके कुर्ते की सफेदी में कोई कमी नहीं आई।

हरिभूमि विशेष

अनूपपुर।

एक पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि बिजनेस में चाहे फेल हो जाओ, सरकारी नौकरी में फेल हो जाओ, अच्छे डॉक्टर, टीचर या वकील ना बन सको तो राजनीति में प्रवेश कर लो। आजकल तो किसी को और कहीं से नजर ना आए तो सबसे अच्छा धंधा राजनीति है। सियासत में दिन दूनी रात चौगुनी होने वाली बरक्कत पर किसी राजनेता का इससे साफ कबूलनामा कभी नहीं हो सकता। ये बयान पुराना था, लेकिन नई कहानी भी ऐसी ही है। आखिर पांच साल में कैसे एक नेता करोड़ों रुपए की मिल्कियत खड़ी कर लेता है, जबकि आम आदमी पांच साल



बाद भी अपनी गरीबी कम हुई कि नहीं यही देखता रहता है। चुनावों पर गहरी नजर रखने वाली एक संस्था के अनुसार कई नेता ऐसे होते हैं जो पॉवर में आने के बाद सरकार के कांट्रैक्ट्स (माइनिंग, रियल इस्टेट, एजुकेशनल इनस्टिट्यूशंस) का फायदा उठाकर अपनी सम्पत्ति खड़ी करते हैं। यानि राजनीति एक ऐसा बिजनेस बन जाता है, जहां पांच साल में कम से कम दोगुना फायदे की गारंटी तो है ही।

### जनता फटेहाल ही रहेगी नेता मालामाल बनते रहेंगे

सियासत में नेताओं की संपत्ति बढ़ते जाने की एक बड़ी वजह है नेताओं का असली आय, संपत्ति और मिलने वाले पैसे का सही स्त्रोत ना बताना। जरूरत है कि ऐसा पारदर्शी सिस्टम बने जहां जनता की तरह ही नेताओं को भी अपनी एक एक पाई साफ साफ दिखानी पड़े। पांच साल में अकूत दौलत कोई बनाएं तो उसका स्त्रोत पूछा जाए और जब ऐसा नहीं होगा तो जनता फटेहाल ही रहेगी, नेता मालामाल बनते रहेंगे। देश में जब गरीब रह जाती है, नेता और अमीर होते जाते हैं। जो आम आदमी सवाल उठाने लगता है। एक एजेंसी के दुनिया के कई देशों में कराये गये सर्वे के नतीजों के मुताबिक भारत में 71 प्रतिशत लोग चाहते हैं कि देश में अमीर नेताओं और ताकतवार लोगों के पास कैद राजनीति आजाद होनी चाहिए। देश में 65 फीसदी लोगों ने राय रखी कि ऐसा करने की अगर जरूरत पड़े तो राजनीतिक नेतृत्व को नियम तोड़ने से भी गुरेज नहीं करना चाहिए। 64 फीसदी लोगों ने सर्वे में बताया का सियासत में अमीर होने वाले लेता आम आदमी की बहुत कम फिक्र करते हैं। इसका सीधा सा मतलब यही है कि



हरिभूमि
लोकसभा चुनाव
कतई अच्छी नहीं तेरे कुर्ते से मेरा कुर्ता अधिक साफ की राजनीति

राजनीति को कारोबार बनाने वाले नेता जाग जाएं। ऐसे पारदर्शी नियम बनने चाहिए जहां राजनीति सिर्फ अमीर होने का जरिया ना रहे, बल्कि देश की आम जनता को मजबूत करने का रास्ता बने।

### आम आदमी की समस्याओं का अनुभव होना चाहिये नेताओं को

सिर्फ कुर्ते की सफेदी से क्या होगा भला? आप में तो कोई रूहानी नूर भी नहीं है। सिर्फ़ कुर्ते के बटन चमकते रहते हैं। बस, बेलगाम जोश उछलता रहता है आपके खून में। हो सकता है नेताओं को ये सब सवाल मामूली लगते हों क्योंकि उन्होंने वह सब सहा नहीं है, जिसे आम जनता को भुगतना पड़ता है। जनता की पीड़ा जनता ही जानती है। बहरहाल बात चुनाव की है, नेताओं- प्रत्याशियों की है और समग्र राजनीतिक माहौल की है। बात सिर्फ़ इतनी सी है कि नेताओं को आम आदमी की जिंदगी, समस्याओं- दिक़्क़तों का अनुभव होना चाहिए और इसके लिए पार्टी स्तर पर भी और संसद तथा विधानसभा स्तर पर भी क्षेत्रों में उनके दौरे तय करना चाहिए ताकि वे कम से कम हर महीने उस क्षेत्र की समस्याओं से दो-चार हो सकें।

### अगली बार टिकट पर लगे रोक

जिस सड़क मार्ग से वे क्षेत्र में जाएँ उसकी हालत जान सकें। जिस कस्बे या गाँव में वे रुकें वहाँ की समस्याओं से रूबरू हो सकें। रुकें भी सिर्फ़ गाँव या कस्बे में, किसी चार- पाँच सितारा होटल में नहीं। यह भी तय हो कि रेण्डम तौर पर कोई दस आम लोगों से बात करके उनके मन को जानें। आम लोग यानी उनके पार्टी कार्यकर्ता नहीं। अपरिचित लोग हों जो बेखौफ होकर सही बात नेताजी के सामने रख सकें क्योंकि लीडर जब तक खुद



हरिभूमि
हिमाद्री सिंह का 5 साल मे 130 प्रतिशत से ज्यादा तो फुंदेलाल की 70 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी संपत्ति

चीजों को महसूस नहीं करता, उनके समाधान के प्रति भी नहीं सोच पाता। ऐसा नहीं करने वाले नेता को अगली बार टिकट नहीं देना चाहिए। वेतन - भत्तों पर भी रोक लगाने का नियम बनाया जाना चाहिए ताकि क्षेत्र में जाना इनके लिए हर हाल में अनिवार्य हो जाए। हो सकता है इस बहाने गांवों, कस्बों की समस्याएँ सुलझ जाएँ। वर्ना चाँद पर जाने वाले इस देश में गाँव तो आज भी वहीं हैं जहां सदियों पहले हुआ करते थे। कहने को मोबाइल फोन और उनके टावर जरूर गांव- गाँव पहुँच चुके हैं लेकिन मूलभूत सुविधाओं की हालत ज्यों की त्यों बनी हुई है। छत से पानी टपकता रहता है। ओलतन दीवार पर ही ढेर होती रहती है। कीचड़ सिर तक आता है और फसलें बारिश का मुंह ताकती रहती हैं।

### राजनीतिक दलों की आमदनी

बीजेपी हो या कांग्रेस, दोनों ही पार्टियां यह साफ नहीं करती हैं कि उनकी आमदनी का स्त्रोत क्या है। पारदर्शिता बनाने की जगह दोनों ही कानून में बदलाव का सहारा लेती हैं। दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस और भाजपा, दोनों ही बढ़-चढ़कर राजनीतिक प्रक्रिया और पार्टियों की वित्तीय दशा को अधिकाधिक पारदर्शी बनाने के दावे करती रहती हैं। भाजपा तो हमेशा से ही कांग्रेस पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाती रही है और अपने आपको एक भिन्न किस्म की नितांत ईमानदार और बेदाग पार्टी के रूप में पेश करती रही है, लेकिन हकीकत यह है कि राजनीतिक दलों को मिलने वाले धन के बारे में जानकारी सार्वजनिक करने और पूरी प्रक्रिया को ईमानदार और पारदर्शी बनाने के बजाय उसने भी उस पर पर्दा डालने का ही काम किया है।

## बाइक चोर गिरोह से चोरी की 12 मोटर सायकिल बरामद

### पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अनूपपुर।** जिले की भालूमाडा पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए उसके कब्जे से चोरी की 12 मोटरसाइकिल जब्त किए हैं। इस गिरोह के चार आरोपियों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी राकेश कुमार उइके ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई था कि एक व्यक्ति ड्रीम युवा होंडा कंपनी की मोटरसाइकिल सीजी 16-सीई-3044 को बेचने के उद्देश्य भालूमाडा



बाजार दफाई टैक्सी स्टैंड के पास खड़ा है। वाहन चोरी का लग रहा था। इस पर थाना प्रभारी के निर्देश पर स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर आरोपी कुलदीप द्विवेदी पिता सत्यदेव द्विवेदी, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम बम्हनी से मोटरसाइकिल के दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा। वह दस्तावेज पेश नहीं कर सका। जांच में पता चला कि वाहन चोरी का है। उसे जब्त कर लिया गया है। आरोपी ने चोरी के इस गोरखधंधे में अपने अन्य तीन साथियों के शामिल होने की बात बताई। इस पर तीन अन्य आरोपी रामनारायण चर्मकार पिता मोहन चर्मकार, उम्र 18 वर्ष, सर्वेश पटेल पिता अवधेश पटेल, उम्र 22 वर्ष, एवं संजीव यादव पिता कामता प्रसाद यादव, उम्र 21 वर्ष, से कुल 12 मोटरसाइकल जब्त की है। इस मामले में धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर आसपास के क्षेत्र से चोरी हुई मोटरसाइकिल के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है।



## नुक्कड़-नाटक द्वारा एनएसएस के स्वयंसेवकों ने किया मतदान के लिए प्रेरित

**अनूपपुर।** लोकतंत्र को मजबूत बनाने व लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता की गतिविधियों के तहत शासकीय महाविद्यालय जैतहरी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम लहरपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन पर रासेयो स्वयंसेवकों ने नुक्कड़-नाटक के माध्यम से मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने बुजुर्ग, श्रमिक, कामकाजी महिलाओं, युवा व नए मतदाताओं को नुक्कड़-नाटक प्रस्तुत कर वोट के महत्व को समझाया और मतदान के लिए प्रेरित किया। ताकि सभी मतदाता आगामी लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक अच्छे उम्मीदवार का चुनाव कर सकें।

## रेलवे फाटक तोड़कर चलती ट्रेन से टकराई कार, एक की मौत दूसरा गंभीर

### तीन क्षतिग्रस्त कोच बदलने के बाद अनूपपुर से 7 घंटे देरी से रवाना हुई हीराकुंड एक्सप्रेस

अनूपपुर।

शनिवार-रविवार की दरमियानी रात तेज रफ्तार कार रेलवे फाटक तोड़कर चलती यात्री ट्रेन से जा टकराई जिससे वाहन में बैठे व्यरक्ति की मौत हो गई वहीं चालक गंभीर रूप से घायल होने पर बिलासपुर (छग) में इलाज जारी है, वहीं ट्रेन के आखिरी तीन कोच को भी नुकसान पहुंचा। इसके कारण यात्री ट्रेन अनूपपुर जंक्शन पर करीब 7 घंटे खड़ी रही। कोच बदलने के बाद ट्रेन को रवाना किया जा सका। ट्रेन में बैठे यात्रियों में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं हैं। हादसा जैतहरी थाना क्षेत्र में बेलिया फाटक पर शनिवार-रविवार की रात हुआ। रेल प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



### कार चालक की मौके पर ही मौत

छिंदवाड़ा निवासी नरेंद्र वर्मा जैतहरी के मोजरबियर प्लांट में काम करते थे। शनिवार रात वे अपनी कार क्रमांक एमपी 65 सी 3984 से परमेश्वर साहू के साथ अनूपपुर आ रहे थे। इसी दौरान बेलिया फाटक पर कार अनियंत्रित हो गई। वह फाटक तोड़ते हुए ट्रैक से गुजर रही हीराकुंड एक्स्प्रेस से टकरा गई। जिससे नरेंद्र की मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस दौरान नरेंद्र वर्मा और परमेश्वर साहू कार में ही फंस गए थे पुलिस ने उन्हें बाहर निकाला और परमेश्वर को अनूपपुर जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर उसे बिलासपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी अनुसार दोनो शराब के नशे में थे।

### ट्रेन का ब्रेकिंग सिस्टम पाइप फटा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अंबिकेश साहू ने बताया कि कार फाटक का बूम बैरियर तोड़ते हुए ट्रेन के आखिरी डिब्बों से टकराई जिससे तीन डिब्बों के ब्रेकिंग सिस्टम का पाइप फट गया। दुर्घटना के बाद हीराकुंड एक्सप्रेस को अनूपपुर स्टेशन में भोर 3.27 के लाया गया, जहां क्षतिग्रस्त ट्रेन के तीन कोच एस 3, एस 4, एस 5 के यात्रियो को अनूपपुर में उतारा गया जहां बिलासपुर से तीन नई यात्री ट्रेन के कोच लाकर सुबह 7:25 बजे नये कोच बदलने के बाद ट्रेन को रवाना किया गया। दुर्घटना के बाद अपर मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर देवराज घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बिलासपुर विकास कश्यप के आदेश पर कमर्शियल इंस्पेक्टर धनराज कुमार एवं अनूपपुर स्टेशन के एसएस कमर्शियल जयंतो दासगुप्ता ने यात्रियों के हर सुविधा का ख्याल रखते उन्हें शिफ्ट करने में भरपूर सहयोग किया, वहीं रेलवे विभाग के कर्मचारियों ने रात में ही मरम्मत का काम शुरू कर दिया था।

### ट्रेन के सभी यात्री सुरक्षित

रेलवे गेटकीपर केदारनाथ राठौर ने बताया कि ट्रेन विशाखापट्टनम से अमृतसर की ओर जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ। ट्रेन में सवार किसी भी यात्री को चोट नहीं पहुंची। असिस्टेंट लोको पायलट अमरजीत कुमार ने बताया कि हादसे में ट्रेन की एस 3, एस 4 और एस 5 कोच क्षतिग्रस्तो हो गए थे।' एसपी जितेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि बेलिया रेलवे फाटक 90 डिग्री के टर्न पर है। कार इतनी स्पीड में थी कि फाटक तोड़ते हुए आगे बढ़ गई।

### तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चालने पर कार चालक पर मामला दर्ज

थाना जैतहरी नगर निरीक्षक प्रकाशचंद्र कोल ने बताया कि देर रात बेलिया फाटक में कार चालक परमेश्वर साहू द्वारा तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चालते हुए बंद रेलवे फटाक को तोड़ते वहां से गुजर रहीं हीराकुंड एक्सप्रेस से जा टकराई जिसमें कार में बैठे नरेंद्र वर्मा की मौके पर ही मृत्यु हो गई, वहीं चालक परमेश्वर साहू गंभीर रूप से घायल होने के कारण बिलासपुर रेफर कर दिया गया। इससे विशाखापट्टनम से अमृतसर की ओर जा रही हीराकुंड एक्सप्रेस के तीन कोच का ब्रेकिंग सिस्टम का पाइप फट गया था जिस पर जैतहरी पुलिस ने कार चालक परमेश्वर साहू पर लापरवाही व तेज रफ्तार से वाहन चलाने चलने पर धारा 279, 333 एवं 304 दर्ज का मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि दुर्घटना के बाद हीराकुंड एक्सप्रेस को अनूपपुर स्टेशन में भोर 3.27 पर लाया गया, जहां क्षतिग्रस्त ट्रेन के तीन कोच के यात्रियो को अनूपपुर में उतारा गया और बिलासपुर से तीन कोच आने पर सुबह 7:25 बजे ट्रेन को रवाना किया गया था। इस दौरान हीराकुंड एक्सप्रेस अनूपपुर जंक्शन पर करीब 7 घंटे खड़ी रही।

## समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने का महेश्वरी समाज का लक्ष्य

अनूपपुर।

समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने एवं मिशन 100 आइएएस तैयार करना महेश्वरी समाज का लक्ष्य है। वर्ष 2030 तक समाज से 100 आईएएस तैयार करना है। इसके लिए समाज के लोग आगे आए और होनहार बच्चों को इसके लिए तैयार करें। उक्त आशय के सारगर्भित विचार पूर्वी मध्यप्रदेश महेश्वरी सभा के अध्यक्ष अतुल महेश्वरी ने अपने प्रथम शहडोल आगमन पर शहडोल संभाग के महेश्वरी समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि संगठन आपके द्वार के तहत अपनों से संवाद करने के लिए आज उनका आगमन हुआ। उन्होंने कहा कि पूर्वी मध्यप्रदेश में 18 जिले आते हैं जिसमें शहडोल जिला भी शामिल है। उन्होंने कहा कि यहां का संगठन मजबूत है और 50 किलोमीटर दूर से भी समाज के लोग बैठक में शामिल हुए हैं यह बहुत खुशी की बात है। उन्होंने शहडोल महेश्वरी समाज से मिले स्नेह के लिए समाज की प्रशंसा की एवं जिले सहित शहडोल, अनूपपुर एवं अमलाई नगर इकाई को साधुवाद दिया। इस अवसर पर मंचासीन पूर्वी मध्यप्रदेश महेश्वरी सभा के अध्यक्ष अतुल महेश्वरी,



मंत्री पूर्वी मध्यप्रदेश महेश्वरी सभा श्याम सुंदर जेठा, कार्यालय मंत्री पूर्वी मध्यप्रदेश सभा नवीन डागा, जबलपुर अंचल से गोपाल महेश्वरी एवं महेश्वरी समाज शहडोल के जिलाध्यक्ष सुनील मंत्री रहे एवं संभाग के सभी महेश्वरी समाज के लोग इस अवसर पर उपस्थित थे। पूर्वी मध्यप्रदेश महेश्वरी सभा के अध्यक्ष अतुल महेश्वरी ने कहा कि समाज के अंदर 1 लाख से कम वाले परिवार के लोग भी हैं उन्हें सशक्त बनाने के लिए ऊंचा उठाने के लिए कार्य करना है।जिससे वह लोग भी बराबरी के साथ बैठ सके।उन्होंने कहा कि समाज के होनहार बच्चों को प्रमोट करें जिससे मिशन 100 आइएएस 2030 तक महेश्वरी समाज से बच्चे तैयार हो सके। उन्होंने कहा कि महेश्वरी समाज अपने समाज के उत्थान के लिए हॉस्टल, कोचिंग,फाइनेंस, ट्रस्ट आदि की सुविधा भी दे रखा है। जिसका लाभ भी समाज के लोगों को लेना चाहिए। इसके साथ ही छोटे बच्चों को जीनियस, ऊर्जावान बनाने के लिए भी समाज में कार्य चल रहे हैं। उस ओर भी समाज के लोग प्रयास करें जिससे उनके बच्चे भी ऊर्जावान बन सके, जीनियस बन सके। उन्होंने इस अवसर पर एबीएमएम चैट बोर्ड के बारे में भी जानकारी दी जिसमें समाज की समस्त गतिविधियों के बारे में जाना जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के हर सदस्य के मोबाइल पर यह होना चाहिए। उन्होंने अपने सामने सभी को नंबर शेयर कर एबीएमएम चैट बोर्ड मोबाइल पर सेव कराया। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि किसी की मदद के लिए आप लोग माध्यम बने,समाज के लिए वफादार बने, उसके उत्थान के लिए आगे आए। पूर्वी मध्यप्रदेश महेश्वरी सभा के अध्यक्ष अतुल महेश्वरी ने कहा कि राष्ट्र की उन्नति में महेश्वरी समाज ने हमेशा ही उल्लेखनीय योगदान दिया है।देश के हर तीर्थ में महेश्वरी समाज के धर्मशाला,चिकित्सालय एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने समाज की फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया। इसके साथ ही समाज के उत्थान के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की गई। उन्होंने समाज के लोगों को ग्रुप इंश्योरेंस करवाने एवं कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि समाज के बारे में जानने के लिए शिविर में अवश्य उपस्थित होकर पूरा समय दें। युवाओं के स्वरोजगार हेतु भी उन्होंने बताया कि इसके लिए लोन की व्यवस्था भी है। साथ ही समाज की घटती जनसंख्या पर भी विचार विमर्श किया गया एवं चिंता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में श्याम सुंदर जेठा, नवीन डागा, गोपाल महेश्वरी एवं सुनील मंत्री ने भी अपने विचार रखे। अंत में श्याम सुंदर जेठा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और रात्रि कालीन भोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में आए हुए अतिथियों का शाल, श्रीफल देकर सम्मान किया गया एवं हनुमान चालीसा से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।